Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding railway facilities and halt of trains at Mariahu railway station in Machalishahar constituency, Uttar Pradesh.

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ कि मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया । मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय पर आकृषित करना चाहता हूँ, जो मेरे संसदीय क्षेत्र मछलीशहर के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण एवं कुछ गाड़ियों के ठहराव से जुड़ा हुआ है ।

महोदय, मेरे क्षेत्र के मडियाहूं रेलवे स्टेशन की हालत बहुत खराब है । यहाँ न तो प्लेटफार्म सही तरीके से है, न वहाँ पीने के पानी की व्यवस्था है और वहाँ शौचालय और सफाई की व्यवस्था भी सही तरीके से नहीं है । यहाँ पर प्रतीक्षालय भी नहीं है, जिसके कारण मडियाहूं के यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मडियाहूं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म को सारी सुविधाएं दी जाएं, एवं इस स्टेशन का सुन्दरीकरण किया जाए । इसके साथ-साथ सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन का मडियाहूं स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाए । जौनपुर से इलाहाबाद व इलाहाबाद से जौनपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का पुराना समय बहाल किया जाए । महियाहूं स्टेशन पर ओवरब्रिज न होने के कारण आने जाने वाले लोगों को कभी-कभी दो-दो घंटे जाम में फंसे रहना पड़ता है, जिससे काफी परेशानी होती है ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री हाजी फजलुर रहमान जी ।

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर): महोदय, एक सेकेंड में मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ । एम्बुलेंस एवं आपातकालीन गाड़ियों के जाम में

फंसे रहने के कारण मरीजों की मृत्यु कभी-कभी रास्ते में ही हो जाती है ।... (व्यवधान)